## सार-समाचार

### पुलिसकर्मियों का किया सम्मान

**रूपवास, (निसं)।** कस्बे के चैकोरा रोड़ स्थित श्याम कुंज में कस्बे के लोगों ने रजनीकांत शर्मा के नेतृत्व में 2 पुलिसकर्मियों को मच्छर गैंग के एक बदमाश को धर दबोचने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर थानाधिकारी लखन खटाना का विशेष सम्मान किया गया। वहीं पुलिसकर्मी सुनील कुमार एवं राजवीर सिंह का साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर व 5100-5100 रुपए की नकद राशि प्रदान कर लोगों द्वारा सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि कस्बे में परचून व्यापारी के घर पर बसेड़ी के कुख्यात हार्डकोर अपराधी मच्छर गैंग के 6 सदस्य डकैती डालने की योजना बना रहे थे। लेकिन पुलिसकर्मी राजवीर सिंह व सुनील कुमार ने आमसूचना के आधार पर इस गैंग के एक सदस्य को धर दबोचने में सफलता हासिल कर ली थी जबकि उसके 5 साथी भाग जाने में सफल हो थे। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के पास से 1 अवैध हथियार, 6 जिंदा कारतूस, 2 बाइक व लाल मिर्च पाउडर जप्त किया गया था। । इस दौरान थानाधिकारी लखन खटाना ने कहा कि आमजन के सहयोग से ही पुलिस मजबूत होती है इसलिए आमजन भी अपराधियों के बारे में तुरंत गोपनीय तरीके से सूचना देकर अपराधियों को पकड़ने में अपना सहयोग प्रदान कर सकते है। इस अवसर पर दिनेश शर्मा,राजू रसीलपुर,राकेश भातरा,चन्द्रकेश राजावत, अमर सिंह अँधाना,राकेश शर्मा,राजेश पाराशर,मुकेश गोयल,सुनील चौधरी, सुशील चौधरी, तरुण अंधना, मोहनप्रकाश आदि मौजूद थे।

### 'स्वस्थ जीवन के लिए रक्तदान जरूरी'

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** अखिल भारतीय श्री जैन रत्न युवक परिषद एवं श्री जैन श्वेताम्बर पल्लीवल नवयुवक संघ हिंडौन सिटी के संयुक्त तत्वाधान में हिंडौन सिटी द्वारा सामायिक स्वाध्याय के प्रबल प्रेरक पूज्य गुरुदेव 1008 श्री हस्तीमल जी महाराज साहब का 115 जन्म जयंती के अवसर पर 10 वा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 19 जनवरी 2025 को किया जा रहा हैं। रक्त दान के प्रति जनजागरुकता हेतु श्री जैन रत्न युवक परिषद द्वारा निर्मल महाविद्यालय हिंडौन में मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया ।सेमिनार में मुख्य वक्ता डॉ आशीष शर्मा फिजिशियन राजकीय चिकित्सालय हिंडौन थे। उन्होंने अपने व्यक्तव्य में कहा कि रक्त का एक मात्र स्त्रोत हमारा शरीर ही है जिसमें नया रक्त बनता रहता है और स्वस्थ्य व्यक्ति को नियमित रूप में रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के मुकेश जैन ने बताया कि रक्त की आवश्यकता से कम डोनेट किया जाता है जिससे रक्त की आवश्यकता हमेशा ब्लड बैंकों में बनी रहती है साथ ही उन्होंने युवाओं को रक्तदान शिविर में आने की अपील भी की। शिविर संयोजक मुकेश जैन ने बताया कि इस अवसर पर रक्त दान शिविर के बैनर एवं पोस्टर का विमोचन डा आशीष शर्मा, निर्मल महाविद्यालय हिंडौन सिटी के प्राचार्य डॉ विजेंद्र सिंह डांगुर श्रावक संघ के मंत्री सुमत चंद जैन,विजय कुमार जैन एवं श्री जैन रत्न युवक परिषद के डॉ रीतेश जैन मंत्री गौरव जैन एवं उपाध्यक्ष संदीप जैन द्वारा किया गया।

### अधिवेशन में भाग लेने के लिए रवाना

**सूरौठ, (निसं)।**शारीरिक शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन टोंक में 17 जनवरी से आयोजित होगा राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक लोकेश मीणा सूरौठ ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 व 18 जनवरी को शारीरिक शिक्षक संघ का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन टोंक में आयोजित हो रहा हैं।राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र बाबा सूरौठ व राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक लोकेश मीणा सूरौठ के नेतृत्व में करौली जिले के दो दर्जन से अधिक शारीरिक शिक्षक ने स्वयं के वाहनों से टोंक प्रस्थान किया, दो दिनों तक होने वाले प्रांतीय अधिवेशन में शिक्षा नीति 2020 , शिक्षा विभाग में स्टाफिंग पैटर्न , खेल मैदान व खिलाड़ियों का विकास , खेल मैदानों को बचाना , तृतीय श्रेणी के स्थानांतरण , शारीरिक शिक्षा कैडर का दुरुस्तीकरण , प्रत्येक विद्यालय में शारीरिक शिक्षक की नियुक्ति सहित ज्वलंत मुद्दों पर विचार मंथन कर राज्य सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। शारीरिक शिक्षक उमेर सिंह मीणा प्रदीप चौधरी धर्मेंद्र सिंह ,चौथमल मीणा, भावना टोंक ने सम्मेलन में भाग लिया।

### विद्यालय सहायक संघ की बैठक

**टोडाभीम, (निसं)।** गाजीपुर रोड पर स्थित बीजवड़ बालाजी मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को पंचायत शिक्षक, विद्यालय सहायक संघ की बैठक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष धर्मसिंह मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पंचायत शिक्षक एवं विद्यालय सहायकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें डिठी जुड़वाने संबंधी, मेडिक्लेम पॉलिसी, सेवा पुस्तिका संधारण तथा वेतन कटौती संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में जगदीश गुर्जर, जितेंद्र मीणा, मलखान मीणा, मेवाराम, मोहम्मद साद, विजय मीणा व तेजराम मीणा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 19 से

**करौली, (निसं)।** करौली जिला कबड्डी संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पुरुष व महिला वर्ग की सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता 19 से 20 जनवरी तक राजीव गांधी खेल संकुल पर आयोजित कि जायेगी। संघ के अध्यक्ष सिराजुद्दीन खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में मूलत करौली जिले के ही खिलाड़ी भाग लेंगे प्रतियोगिता के आयोजन सचिव अब्दुल जब्बार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी को अपना मूल निवास,आधार कार्ड और बैंक पासबुक कि मूल कॉपी के साथ फोटोकॉपी आवश्यक रूप से लाना है प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम में 18 जनवरी को शाम 5 बजे तक अपनी एंट्री प्रतियोगिता अध्यक्ष पुष्पेंद्र मीणा 9672938136 को कर दें प्रतियोगिता में महिला वर्ग में वजन 75 किलोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए और पुरुष वर्ग में 85 किलोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता जो जोधपुर में फरवरी के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगी उसमें भाग लेगी।

# जिला प्रमुख के चुनाव नहीं होने पर बैठक का किया बहिष्कार

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर लम्बे इंतजार के बाद शुक्रवार को आखिरकार जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक सम्पन्न हुई। साधारण सभा में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग, विधायक ऋतु बनावत, विधायक बहादुर सिंह कोली सहित चार विधायक मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव, डीग जिला कलेक्टर उत्सव कौशव, सीईओ मृदुल सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। जिला परिषद सदस्यों के द्वारा पूर्व बैठकों के बहिष्कार के चलते बैठक में कोरम पूर्ति करना सबसे बडी चुनौती माना जा रहा था।

■ साधारण सभा में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित चार विधायक मौजूद रहे



जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक सम्पन्न हुई।

कार्यवाहक जिला प्रमुख व जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने कहा कि बैठक में चार विधायक, सात प्रधान व आठ जिला परिषद सदस्य मौजूद रहे। कुम्हेर की प्रधान ने बैठक का बहिष्कार किया उनको गिनती में नहीं लिया।

बैठक के आवश्यक कोरम की पूर्ति होने पर बैठक हुई। पिछली बार हुए हंगामों को देखते हुए जिला कलेक्ट्रेट पर भारी संख्या में पुलिस जाप्ता भी तैनात रहा। बैठक की शुरूआत में कोरम पूरा नहीं होने पर जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने पूर्व बैठकों पर चर्चा करने को कहा। जिस पर एसीईओ जिला परिषद विनयमित्र ने पूर्व बैठक पर जिला परिषद सदस्यों से चर्चा की। लेकिन चर्चा के दौरान ही कुम्हेर रश्मि फौजदार ने बैठक पर सवालिया निशान उठाते हुए कहा कि जब कोरम पूरा ही नहीं हुआ है तो बैठक शुरू क्यों की जा रही है।

जिस पर अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि वे कोरम को पूरा मानें विधायक भी बैठक में सदस्य की गिनती में आते हैं और बैठक के लिए आवश्यक कोरम की पूर्ति हो गई है। कुम्हेर प्रधान ने कहा कि करीब एक साल से जिला प्रमुख के पद का चुनाव नहीं हुआ है। जिला प्रमुख जगत सिंह के एमएलए बनने के बाद से जिला प्रमुख का पद खाली है। जिसे करीब एक साल होने को आ गया। ऐसे में जिला प्रमुख का चुनाव कराया जाना चाहिए। इसी मांग को लेकर उन्होंने बैठक का बहिष्कार कर दिया। बैठक में विभिन्न मुददों को लेकर चर्चा की गई। जिला परिषद सदस्य मोहन सिंह ने बैठक में मुददा उठाया कि धार्मिक आस्था का केन्द्र बृज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग से अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। पेयजल की उचित सप्लाई नहीं हो रही है।

जिला परिषद सदस्य उनके क्षेत्र में कार्य नहीं होने से दुखी है। लेकिन अधिकारी उनकी बातों को अनसुना कर देते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है अधिकारी अपने कानों में सीसा घोल कर भरे बैठे हैं। जिस पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम जिला कलेक्टर को निर्देशित किया कि अस्थाई अतिक्रमण करने वाले लोगों को सूचना देकर अतिक्रमण हटवाने को कहा। बैठक में जिला परिषद सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाया और उनके समाधान की मांग की।

बैठक में पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने बृज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग से अतिक्रमण हटाने, ग्रामीण क्षेत्रों की अधूरी पडी सडकों को बनवाने सहित क्षेत्र के विकास को लेकर अनेक सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिये ट्यूबैल के लिये लाखों रुपये की राशि स्वीकृत की जाती है और जब ट्यूबैल के लिये बोरिंग करने पर खारा पानी निकल आये तो वह उपयोग में नहीं आ पाता और राशि व्यर्थ ही खर्च हो जाती है।

### प्रशिक्षण दिया

**करौली, (निसं)।** युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत जिले मे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की शुरुआत युवाओ के प्रशिक्षण के साथ की गई पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में 25 माई भारत स्वयंसेवकों के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान ट्रेफिक नियमों से युवाओ को अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम ने युवाओ को जीवन को मूल्यवान समझने एवं इसकी परवाह करने का संदेश दिया।

# बैंक में लूट के मामले में इनामी बदमाश गिरफ्तार

**भरतपुर, (निसं)।** उद्योगनगर पुलिस द्वारा रिको एरिया स्थित पीएनबी बैंक में पिछले वर्ष 12 जनवरी को बैंक में दिनदहाडे लूट करने के मामले में 10 हजार रूपये का इनामी बदमाश रोहिताश उर्फ नानू को गिरफतार किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भरतपुर मुख्यालय सतीश यादव व वृताधिकारी वृत ग्रामीण आकांक्षा के सुपरविजन में थानाधिकारी हनुमान सहाय मय गठित टीम द्वारा पीएनबी बैंक से लूट के मामले में 10 हजार रूपये का बदमाश रोहिताश उर्फ नानू (21) निवासी भवनपुरा थाना उधोगनगर को गिरफतार किया। इस मामले में 16 अक्टूबर को बापर्दा गिरफतार आरोपी अजीत व कल्याणसिंह तथा 20 अक्टूबर को गिरफतार आरोपी कल्ला उर्फ करूआ उर्फ लक्ष्मन न्यायिक अभिरक्षा में है।

# थाना अधिकारी बदले

**करौली, (निसं)।** करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने तबादला सूची जारी करते हुए जिले के 21 थानो में से 18 थानों के थाना अधिकारी बदल दिए हैं। जिनमे आध्यात्म गौतम को कोतवाली थाना अधिकारी करौली के पद पर लगाया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि जिला डीग से स्थानांतरण होकर आए आध्यात्म गौतम को करौली थाना अधिकारी के पद पर लगाया गया है वहीं पुलिस निरीक्षक रामनाथ सिंह को जिला सवाई माधोपुर से थाना अधिकारी सदर करौली,कैलाश चंद मीणा को थाना अधिकारी सदर हिंडौन से थाना अधिकारी टोडाभीम,चंचल शर्मा को थाना अधिकारी सदर करौली से थाना अधिकारी कुड़गांव, वीर सिंह को जिला धौलपुर से थाना अधिकारी नादौती, कुलदीप सिंह को जिला बीकानेर से आने पर थाना अधिकारी नई मंडी हिंडौन, देवेंद्र कुमार शर्मा को थाना अधिकारी टोडाभीम से थाना अधिकारी सदर हिंडौन,महेश कुमार को प्रभारी थाना सूरौठ से थाना अधिकारी सूरौठ, रामदयाल को जिला डीग से आने पर थाना अधिकारी श्री महावीरजी, रुक्मणी को थाना अधिकारी कुड़गांव से थाना अधिकारी महिला थाना करौली, धारा सिंह मीणा को प्रभारी डीएसटी करौली से थाना अधिकारी सपोटरा, रामचंद्र को जिला सवाई माधोपुर से आने पर थाना अधिकारी मंडरायल, लाल बहादुर मीणा को थाना अधिकारी करणपुर, रामनिवास को प्रभारी यात्रा शाखा हिंडौन सिटी से थाना अधिकारी गढ़मोरा एवं कमलेश मीणा उप निरीक्षक को थाना अधिकारी मामचारी से थाना अधिकारी बालघाट के पद पर लगाया गया है।

## सार-समाचार

### छप्परपोश मकान में लगी आग



**गंगापुर सिटी, (निसं)।** समीपवर्ती गांव बाढ मिलकपुर में एक छप्परपोश मकान में आग लगने से सारा सामान जल कर राख हो गया। होमगार्ड बाबूलाल बैरवा ने बताया कि छप्परपोश में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा छप्परपोश धू-धू कर जलने लगा। इस हादसे में बाबूलाल का सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग में 85 हजार रुपए की नकदी के अलावा, रजाई-गद्दे, चारपाई, कपडे, लगभग 5 क्विंटल अनाज, खाने-पीने का सामान और बर्तन जैसी जरूरी चीजें पूरी तरह नष्ट हो गईं। इतना ही नहीं, छप्परपोश में रखी बाइक भी आग की चपेट में आ गई। ग्रामीणों को जैसे ही आग का पता चला, उन्होंने तुरंत अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया और उसे काबू में लाया। पीडति बाबूलाल वर्तमान में गंगापुर सिटी में होमगार्ड के पद पर कार्यरत हैं। घटना की जांच जारी है और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** व्यापार मंडल में विभिन्न पदों के लिए होने वाले चुनाव के तहत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर एक-एक नामांकन दाखिल होने के कारण दोनों पदों पर अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित हो गए। व्यापार मंडल में अभ्यर्थियों के द्वारा शनिवार को अंतिम दिन नामांकन भरने की प्रक्रिया पूरी हो गई। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर गोविंदप्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष पद पर बाबूलाल गुप्ता, महामंत्री पद पर सुनील कुमार खूंटामार एवं विष्णु कुमार गुप्ता, मंत्री पद पर तुलसी गर्ग एवं जितेंद्र गोयल, कोषाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार मित्तल और राधामोहन गुप्ता ने अपना नामांकन दाखिल किया।

### विधायक को सौंपा ज्ञापन

**करौली, (निसं)।** करौली विधानसभा क्षेत्र के बझेड़ा गांव के ग्रामीणों ने करौली विधायक के आवास पर पहुंचकर सडक निर्माण को पूरा कराने कि मांग का ज्ञापन सौंपा। भाजपा एसटी मोर्चा की मंडल अध्यक्ष शीला मीणा ने बताया की बझेड़ा अटल सेवा केंद्र से पुजारियों कि ढाणी के मध्य अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर विधायक के पुत्र वि'वेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा है उन्होंने आश्वस्त किया की कार्य शीघ्र पूरा कराया जायेगा ग्रामीणों को बारिश के दिनों में पगडण्डी नुमा रास्ते से होकर सफर तय करना पड़ रहा है आवागमन के दौरान भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है आपातकालीन वाहन भी घरों तक नहीं पहुंच पाते है डिलीवरी महिला,बीमार,बुजुर्गो को अस्पताल लाने ले जाने के लिए चारपाही का सहारा लेना पड़ता है।


**पश्चिम मध्य रेल**

**आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु अधिसूचना**
**पत्र संख्याः सी-548/4/4 ATVM Facilitator Vol-V, दिनांकः 15.01.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, प.म.रे. कोटा द्वारा निम्न कार्य हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। **आवेदन अधिसूचना सः** सी.548/28/ATVM/2024, **कार्य का नामः** रेलवे के ग्रुप 'सी एवं डी' सेवानिवृत्त कर्मचारियों से 3% बोनस आधार पर टिकट वितरण का कार्य करने के लिए एटीवीएम मददगार की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।, **आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 06.02.2025 17.00 बजे तक, **आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 07.02.2025 13.00 बजे तक, **आवेदन पत्र खुलने की तिथि एवं समयः** 07.02.2025 16.00 बजे। आवेदन पत्र एवं विस्तृत नियम व शर्तों को वेबसाईट www.wcr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

**वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पमरे, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



## कार्यालय पंचायत समिति सपोटरा करौली

क्रमांक/पसक/लेखा/निविदा/2024-25/257 दिनांक: 16.01.2025

### बोली सूचना संख्या 03/24-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति सपोटरा के अधीनस्थ समस्त 34 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में ग्राम पंचायतों के समस्त गांवों में घर एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई, कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक सेवा प्रदाता जी.एस.टी. पंजीकृत Bidders से निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | अनुमानित लागत राशि (रूपयें में) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | बोली प्रपत्र विक्रय करने की दिनांक व समय | निविदा फार्म जमा कराने की दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमरगढ़ | 148045 | 2961 | 500 | निविदा जारी होने की दिनांक से 23-01-2025 11 am तक | निविदा जारी होने की दिनांक से 23-01-2025 1.00 pm तक | 23-01-2025 2.00 pm |
| 2 | अमखाड़ | 140125 | 2802 | 500 | | | |
| 3 | बगीदा | 150184 | 3004 | 500 | | | |
| 4 | बालोती | 150108 | 3002 | 500 | | | |
| 5 | बूकना | 150139 | 3003 | 500 | | | |
| 6 | एकट | 151489 | 3030 | 500 | | | |
| 7 | हाडोती | 220862 | 4417 | 500 | | | |
| 8 | कालागुडा | 150154 | 3003 | 500 | | | |
| 9 | बाजना | 167755 | 3355 | 500 | | | |
| 10 | भरतुन | 148608 | 2972 | 500 | | | |
| 11 | चौडागॉव | 178962 | 3579 | 500 | | | |
| 12 | गोठरा | 150090 | 3001 | 500 | | | |
| 13 | हरिया का मन्दिर | 150176 | 3004 | 500 | | | |
| 14 | जीरौता | 150044 | 3001 | 500 | | | |
| 15 | जोडली | 150002 | 3000 | 500 | | | |
| 16 | लेदिया | 120010 | 2400 | 500 | | | |
| 17 | सिमिर | 119966 | 2399 | 500 | | | |
| 18 | डिकोली | 152380 | 3048 | 500 | | | |
| 19 | ईनायती | 150002 | 3000 | 500 | | | |
| 20 | महमदपुर | 225409 | 4508 | 500 | | | |
| 21 | औडच | 152096 | 3042 | 500 | | | |
| 22 | नरौली | 74830 | 1497 | 500 | | | |
| 23 | बडौदा | 149345 | 2987 | 500 | | | |
| 24 | डाबरा | 137492 | 2750 | 500 | | | |
| 25 | दौलतपुरा | 105002 | 2100 | 500 | | | |
| 26 | गज्जूपुरा | 149994 | 3000 | 500 | | | |
| 27 | जाखौदा | 149873 | 2900 | 500 | | | |
| 20 | कांचरौदा | 149995 | 3000 | 500 | | | |
| 29 | खेडला | 171025 | 3420 | 500 | | | |
| 30 | कुडगॉव | 254536 | 5091 | 500 | | | |
| 31 | लूलोज | 149856 | 2997 | 500 | | | |
| 32 | नारौली डाँग | 211052 | 4221 | 500 | | | |
| 33 | निभैरा | 107401 | 2148 | 500 | | | |
| 34 | सलेमपुर | 211259 | 4225 | 500 | | | |

1. बोली प्रपत्र संबंधित ग्राम पंचायत से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र शुल्क एवं अमानत राशि के मूल डी.डी./बैंकर चैक की प्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न कर अपलोड करनी होगी।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क व अमानत राशि का डी.डी./बैंकर चैक संबंधित ग्राम पंचायत के नाम देय है।
NIB= ZKR2425A0385
UBN= ZKR2425SLRCO0544

**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति सपोटरा**


# सरपंचों का कार्यकाल बढ़ा प्रशासक बनाने की घोषणा पर मनाई खुशी

**भरतपुर, (निसं)।** शुक्रवार को सरपंचों के द्वारा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निवास पर सरपंचों का कार्यकाल बढा प्रशासक बनाए जाने की घोषणा करने पर जमकर खुशी मनाई गई।



सरपंचों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निवास पर आतिशबाजी व मिठाई खिलाकर हर्ष जताया

सरपंच संघ के जिला संयोजक मोहन रारह के नेतृत्व में एवं सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में भरतपुर एवं डीग जिले के सरपंचों ने मिठाई खिलाकर एवं आतिशवाजी कर मंख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर एवं किरोडी लाल मीणा सहित राजस्थान सरकार के सभी मंत्री एवं विधायकों का आभार व्यक्त किया एवं भरतपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पिता किशन लाल शर्मा को साफा बांधकर एक दुपट्टा पहनाकर सभी सरपंचों ने अभिनंदन कर आभार जताया। मोहन रारह ने बताया राजस्थान में सरपंचों का कर्यकाल जनवरी माह में पूरा हो रहा है वर्तमान परिपेक्ष्य में ग्राम पंचायत एवं पंचायत समितियों का पुनर्गठन का कार्य चल रहा है। राजस्थान सरकाकर वन स्टेट वन इलेक्शन की ओर आगे बढ रही है। इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जनहित में ऐतिहासिक फैसला लेकर राजस्थान के सभी सरपंचों एवं वार्ड पंचों का कार्यकाल बढाकर वर्तमान सरपंचों को प्रशासक नियुक्त करने एवं उप सरपंच एवं वार्ड पंच को वार्ड मेम्वर बनाने की सौगात देकर ऐतिहासिक काम किया है जिससे राजस्थान के सभी सरपंचों एवं वार्ड पंचो में खुशी की लेहर है। इस अवसर पर नदबई सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष सुजान सिंह, रूपबास सरपंच संघ ब्लॉक संयोजक उदयभान शर्मा, उच्चैन सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा, सेवर सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष रणधीर सिंह, सरपंच संघ जिला प्रवक्ता ओमवीर पूनियां, बिरहरू सरपंच अनुरूद्ध सिंह, भटावली सरपंच पुष्पेन्द्र बनी, तालफरा सरपंच विनोद सिंह, रीठोठी सरपंच पवन सिंह, थैरावर सरपंच हरेन्द्र सिंह, हथैनी सरपंच राजकुमार भूरा सिंह, मडरपुर सरपंच बच्चू सिंह, सांतरूक सरपंच मांगे लाल, चिकसाना सरपंच मान सिंह, फुलवारा सरपंच वीरेन्द्र सिह, मोरोली सरपंच राजकुमार, जघीना सरपंच नरेन्द्र सिंह, खेमार सरपंच राम कुमार, सरपंच ताराचन्द, हरप्रशाद कुशवाह, तारा गादौली, नीटू नाम, हरीश करीली, राजेन्द्र गांगरौली, सोहन लाल, भूदेव मूडता, जीतेन्द्र सिह, भोलू सिंह, मुकेश बिलौठी, दलवीर सिंह, नेत्रपाल सिंह, बहादुर सिंह, प्रेम सिंह मीणा, सुमरन सिंह, सुजान सिंह, दिनेश चन्द्र, सोहनलाल, राजेन्द्र, हरीश, मांगेलाल, विनोद, हरेन्द्र, बच्चू सिंह, ओमवीर सिंह, भुरा, विरेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, भगवान सिंह, चैन सिंह, राजकुमार सिंह, सुनील, चरन सिंह, उदयभान सिंह, चन्द्रशेखर, सत्यप्रकाश, सोनम शैली, प्रकाश आदि सरपंच उपस्थित रहे।